# स्वतंत्रता दिवस पर कड़ी सुरक्षा

## 2000 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ विभिन्न स्थानों पर की जांच



**भोपाल, 14 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं. पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं.**

शहर की सीमाओं को सील कर ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है. 2000 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ विभिन्न स्थानों पर जांच जारी है. मिसरोद, खजूरी सड़क, बिलखिरिया, निशातपुरा जैसे सीमावर्ती थानों को निर्देश दिए गए हैं कि पास के जिलों से आने वाले हर वाहन की जांच करें. रेलवे स्टेशनों पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है. भोपाल में विशेष चेकिंग अभियान महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देश और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक के मार्गदर्शन में चल रहा है. आउटर नाकों पर पुलिस बल तैनात है,



बाहर से आने वाले लोगों का वेरीफिकेशन हो रहा है.

### स्टेशनों पर सीसीटीवी से कड़ी निगरानी

**भोपाल.** रेलवे सुरक्षा बल और श्वान दस्ता प्रमुख रेलवे स्टेशनों, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग स्थल, प्रतीक्षालय व ट्रेनों में सघन जांच कर रहे हैं. भोपाल और रानी कमलापति स्टेशनों पर लगेज स्कैनर से यात्री सामान की गहन जांच की जा रही है. मंडल के भोपाल, बीना, विदिशा, रानी कमलापति, हरदा, इटारसी, शिवपुरी, गुना, संत हिरदाराम नगर, नर्मदापुरम, गंजबासौदा, रूठियाई, शाजापुर, अशोक नगर समेत प्रमुख स्टेशनों पर सीसीटीवी से सतत निगरानी रखी जा रही है. रेलवे सुरक्षा बल किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई के लिए सतर्क है, ताकि यात्री सुरक्षित वातावरण में यात्रा कर सकें.

# भारतीय रेल के अधिकारियों ने हर घर तिरंगा अभियान में भाग लिया


नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 14 अगस्त. 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ पूरा स्टाफ हर घर तिरंगा कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज के साथ शामिल हुआ.**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य,

### पूर्व संध्या पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

रेलवे बोर्ड के सचिव और रेलवे बोर्ड के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी रेल भवन में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे. रेलवे कर्मचारियों के बीच राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया गया. अभियान में रेलवे कर्मचारियों की व्यापक भागीदारी देखी गई. अभियान आज़ादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को भारत की स्वतंत्रता के उपलक्ष्य में तिरंगा घर लाने और उसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है. यह पहल इस विचार से उत्पन्न हुई है कि राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारा जुड़ाव पारंपरिक रूप से व्यक्तिगत न होकर औपचारिक और संस्थागत रहा है. ध्वज को घर लाना तिरंगे के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव का एक प्रतीकात्मक कार्य है और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है. इस अभियान का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाना है.



### एक नजर में

#### 8 दिनों से लापता युवती का नहीं लगा सुराग

**भोपाल.** सिविल जज परीक्षा की तैयारी में जुटी एक 28 वर्षीय युवती ट्रेन में सफर के दौरान लापता होने के मामले में जीआरीप और पुलिस के हाथ अभी कोई भी सुराग नहीं मिल सका है. घटना के 8 दिन बाद भी पुलिस के साथ ही परिजन भी लगातार परेशान हैं. भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों की इनपुट मिलने के बाद भी अभी तक इस घटना को लेकर कोई भी खुलासा नहीं हो पाया है. लापता युवती के भाई और पिता के स्वास्थ्य पर भी असर साफ दिख रहा है.

#### रेलवे ने मनाया 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'

**भोपाल.** रानी कमलापति स्टेशन पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आमंत्रित स्वतंत्रता सेनानी मोहम्मद ज़मीर खान के कर-कमलों द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की प्रदर्शनी का अनावरण किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत में मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने स्वतंत्रता सेनानी मोहम्मद ज़मीर खान का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया. अपने भावुक संबोधन में मोहम्मद ज़मीर खान ने कहा कि देश की आजादी के लिए अनगिनत त्याग और बलिदान देने पड़े.

# कलेक्टर ने किया बैरसिया क्षेत्र का निरीक्षण

## संजीवनी क्लीनिक के सुचारू संचालन के दिए निर्देश



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 14 अगस्त. जिला कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने गुरुवार को तहसील बैरसिया क्षेत्र का दौरा किया.**

उन्होंने तहसील कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निर्माणाधीन बैरसिया बाईपास का निरीक्षण कर विभिन्न विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. कलेक्टर सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया का निरीक्षण कर, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर पुष्पा गुरु को निर्देशित किया कि शीघ्र ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया में संजीवनी क्लीनिक का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए एवं ओपीडी व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए. कलेक्टर सिंह ने अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर संबंधित एजेंसी एवं विभाग को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने की बात कही.



# खंडेलवाल मौन जुलूस में शामिल

**भोपाल, 14 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विशाल तिरंगा यात्रा एवं मौन जुलूस का आयोजन किया गया.**

जुलूस में सांसद आलोक शर्मा, विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल व महापौर मालती राय, भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती, मनोज राठौर, सूर्यकांत गुप्ता व विनीता सोनी, प्रियंका मिश्रा, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, पूर्व निगम परिषद अध्यक्ष कैलाश मिश्रा के अलावा राहुल राजपूत, जगदीश यादव, प्रदीप त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे.

### पुलिस ने शातिर वाहन चोर को पकड़ा

**भोपाल.** टीलाजमालपुरा थाना पुलिस ने गुरूवार को शातिर वाहच चोर को गिरफ्तार किया. पुलिस ने इस दौरान चोरी की दो पाहिया वाहन को जप्त किया. जिसकी अनुमानित कीमती 1,25,000 बताई गई है. पुलिस जानकारी के अनुसार 2 अगस्त को फरियादी बन्टी सोंधिया ने अपनी मोटर साइकिल के नगर निगम कालोनी कांग्रेस नगर से चोरी होने की सूचना थाना में दी था. पुलिस की तफ्दीश के दौरान सूचना मिली कि शासकीय स्कूल ग्राउण्ड हरिजन बस्ती के पास चोरी की मोटर साइकिल की जानकारी मिली.

# शहर के नो-व्हीकल जोन से वाहन जब्त

**भोपाल, 14 अगस्त. नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है.**

इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्प लाईन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर आदि में दुकानों के बाहर रखा सामान, नाली के ऊपर अवैध रूप से रखी फर्शियां, अवैध टपरा, चबूतरे के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर रखी गुमठी, ठेले, बोर्ड, टेबिल, कुर्सी, भवन निर्माण सामग्री, कबाड़े व टेंट का सामान हटवाया. निगम अमले ने पुलिस प्रशासन की कार्यवाही में सहयोग देते हुए न्यू मार्केट नो-व्हीकल जोन में अवैध रूप से खड़े किए गए दो पहिया वाहन जप्त भी कराए.

निगम अमले ने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही में सहयोग देकर न्यू मार्केट नो-व्हीकल जोन में आवागमन में बाधक दो पहिया वाहनों को हटाने की कार्यवाही करते हुए 20 दो पहिया वाहन जप्त कराए. निगम अमले ने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के पश्चात पुन: अतिक्रमण न करने की समझाइश देते हुए चेतावनी भी दी कि यदि पुन: अतिक्रमण पाया जाता है तो और अधिक सख्त कार्यवाही की जायेगी.

टीम ने जहांगीराबाद, लिली टॉकीज, शाहजहांनाबाद, पुतलीघर, बाग उमरावदूल्हा, अशोका गार्डन, 80 फिट रोड, सब्जी मंडी, बिजली कालोनी गेट, पिपलानी, गांधी मार्केट, शबरी नगर, भानपुर, शिवनगर, कल्याण नगर, बैरागढ़, भौंरी, ईदगाह हिल्स, वाजपेयी नगर, लालघाटी, व्हीआईपी गेस्ट हाउस, सीहोर रोड नाका, न्यू मार्केट, लिंक रोड नं. एक, 2 एवं 3, नीलबढ़, भारतमाता चौराहा, चूना भट्टी, कोलार, सर्वधर्म कालोनी समेत अन्य जगहों पर कार्यवाही की.